# INTERMEDIATE EXAMINATION – 2024 (ANNUAL)

# इंटरमीडिएट परीक्षा – 2024 (वार्षिक)

**Sub. Code - 326**

**Model Set**

Time :- 3 Hours 15 minutes
समय : 3 घंटे 15 मिनट

**Economics (Elective)**

**अर्थशास्त्र (ऐच्छिक)**

Full Mark - 100
पूर्णांक – 100

**I.A.**

Total No. of questions – 100 + 30 + 8 =138

कुल प्रश्नों की संख्या – 100 + 30 + 8 = 138

***<u>परीक्षार्थियों के लिए निर्देश :–</u>***

***<u>Instructions for the candidates :-</u>***

1. परीक्षार्थी OMR उत्तर–पत्रक पर अपना प्रश्न पुस्तिका क्रमांक (10 अंकों का) अवश्य लिखें।

   Candidates must enter his/her Question Booklet Serial No. (of 10 Digits) in the OMR Answer Sheet.

2. परीक्षार्थी यथासंभव अपने शब्दों में ही उत्तर दें।

   Candidates are required to give answers in their own words as far as practicable.

3. दाहिनी ओर हाशिये पर दिये हुए अंक पूर्णांक निर्दिष्ट करते हैं।

   Figures in the right hand margin indicate full marks.

4. प्रश्नों को ध्यानपूर्वक पढ़ने के लिए परीक्षार्थियों को 15 मिनट का अतिरिक्त समय दिया गया है।

   15 minutes of extra time has been allotted for the candidates to read the questions carefully.

5. यह प्रश्न–पुस्तिका दो खण्डों में है : **खण्ड–अ** एवं **खण्ड–ब।**



Visit CollegeDekho

This question booklet is divided into two sections : Section-A and Section-B.

6. खण्ड–अ में 100 वस्तुनिष्ठ प्रश्न हैं, जिनमें से किन्हीं 50 प्रश्नों का उत्तर देना अनिवार्य है। 50 प्रश्नों से अधिक का उत्तर देने पर प्रथम 50 का ही मूल्यांकन होगा। प्रत्येक के लिए 1 अंक निर्धारित है। इनका उत्तर देने के लिए उपलब्ध कराये गए OMR उत्तर पत्रक में दिए गए सही विकल्प को नीले / काले बॉल पेन से प्रगाढ़ करें। किसी भी प्रकार के ह्वाइटनर / तरल पदार्थ / ब्लेड / नाखून आदि का OMR उत्तर पत्रक में प्रयोग करना मना है, अन्यथा परिणाम अमान्य होगा।

   In Section-A, there are 100 objective type questions, out of which any 50 questions are to be answered. If more than 50 questions are answered, then only first 50 will be evaluated. Each question carries 1 mark. For answering these darken the circle with blue / black ball pen against the correct option on the OMR Answer Sheet provided to you. Do not use Whitener / liquid / blade / nail etc on OMR Answer Sheet, otherwise the result will be treated invalid.

7. खण्ड–ब में 30 लघु उत्तरीय प्रश्न हैं, प्रत्येक के लिए 2 अंक निर्धारित है, जिनमें से किन्हीं 15 प्रश्नों का उत्तर देना अनिवार्य है। इनके अतिरिक्त इस खण्ड में 8 दीर्घ उत्तरीय प्रश्न दिए गए हैं, प्रत्येक प्रश्न के लिए 5 अंक निर्धारित है, जिनमें से किन्हीं 4 प्रश्नों का उत्तर देना अनिवार्य है।

   In Section-B, there are 30 Short answer type questions, each carrying 2 marks, out of which any 15 questions are to be answered.



Visit CollegeDekho

Apart from these, there are 8 long answer type questions, each carrying 5 marks, out of which any 4 questions are to be answered.

8. किसी प्रकार के इलेक्ट्रॉनिक उपकरण का उपयोग पूर्णतया वर्जित है।

Use of any type of electronic device is strictly prohibited.

## खण्ड–अ / Section-A

## वस्तुनिष्ठ प्रश्न / Objective Type Questions

प्रश्न संख्या 1 से 100 तक के प्रत्येक प्रश्न के साथ चार विकल्प दिए गए हैं, जिनमें से केवल एक सही है। अपने द्वारा चुने गये सही विकल्प को OMR–उत्तर पुस्तिका पर चिन्हित करें। किन्हीं 50 प्रश्नों का ही उत्तर दें। (50x1=50)

Question Nos.- 1 to 100 have four options, out of which only one is correct. You have to mark, your selected option on the OMR- Sheet. Answer any 50 questions. (50x1=50)

1. समष्टि का क्या अर्थ है ?

(A) बड़ा (B) छोटा

(C) सामान्य (D) इनमें कोई नहीं

What does macro mean ?

(A) Big (B) Small

(C) Medium (D) None of these

2. वैयक्तिक आर्थिक एजेंट कौन है ?

(A) उत्पादनकर्ता (B) उपभोक्ता



Visit CollegeDekho

(C) मजदूर (D) इनमें सभी

Who is individual economic agent ?

(A) Producer (B) Consumer

(C) Worker (D) All of these

3. आधुनिक अर्थशास्त्र के जनक है –

(A) एडम स्मिथ (B) मार्शल

(C) विष्णु गुप्त (D) अमर्त्य सेन

The father of modern economics is -

(A) Adam Smith (B) Marshall

(C) Vishnu Gupt (D) Amartya sen

4. उद्यमी का कार्य क्या होता है ?

(A) फर्म का संचालन (B) उद्यम से जुड़े जोखिम लेना

(C) पूँजी की पूर्ति करना (D) इनमें सभी

What is the work of an entrepreneur ?

(A) Management of firm

(B) To bear the risk associated with enterprise.

(C) Supply of capital

(D) All of these

5. जिस दर (मूल्य) पर श्रम का क्रय–विक्रय होता है, उसे क्या कहते हैं ?

(A) ब्याज (B) लाभ

(C) मजदूरी (D) लगान



Visit CollegeDekho

What is the rate (price) at which labour is bought and sold called ?

(A) Interest (B) Profit

(C) Wages (D) Rent

6. समष्टि अर्थशास्त्र में आर्थिक भूमिका अदा करने वाले कौन हैं ?

(A) राज्य (B) वैद्यानिक निकाय जैसे भारतीय रिजर्व बैंक

(C) वैयक्ति निर्णयकर्ता (D) केवल (A) और (B)

Who performs economic role in macroeconomy ?

(A) State

(B) Statutory body like Reserve Bank of India

(C) Individual Decision maker

(D) Only (A) and (B)

7. इनमें कौन पूँजीवादी अर्थव्यवस्था का अभिलक्षण नहीं है ?

(A) संसाधनों का निजी स्वामित्व (B) बाजार अर्थव्यवस्था

(C) योजना बनाना (D) लाभ के लिए उत्पादन

Which of these is not a characteristics of capitalist economy ?

(A) Private Ownership (B) Market economy

(C) Planning (D) Production for profit

8. इनमें कौन उत्पादन का कारक है ?

(A) सरकार (B) मुद्रा

(C) केन्द्रीय बैंक (D) श्रम

Which of these is a factor of production ?



Visit CollegeDekho

(A) Government (B) Money

(C) Central Bank (D) Labour

9. इनमें कौन पारिवारिक क्षेत्रक का कार्य है ?

(A) आय अर्जित करना (B) बचत करना

(C) कर अदा करना (D) इनमें से सभी

which of these is function of household sector ?

(A) To earn income (B) To save

(C) To pay tax (D) All of these

10. संसाधन संपन्न अफ्रीका और लैटिन अमेरिका के देशों के विषय में क्या सही है ?

(A) ये सबसे संपन्न हैं (B) ये सबसे गरीब हैं

(C) ये न संपन्न हैं, न विपन्न हैं (D) ये मध्य आय वाले देश हैं

What is true about the resource rich African and Latin American countries?

(A) They are most rich (B) They are poorest

(C) They neither poor, nor rich (D) They are middle income countries

11. उत्पादन का प्रवाह कैसे उत्पन्न होता है ?

(A) संसाधन प्राप्त करके (B) संसाधन का उपयोग करके

(C) व्यापारिक वातावरण बनाकर (D) इनमें सभी

How is flow of output created ?

(A) By acquiring resources

(B) By using resources



Visit CollegeDekho

(C) By creating business environment

(D) All of these

12. अंतिम उपभोक्ता द्वारा क्रय की जाने वाली वस्तु क्या कहलाती है ?

(A) उपभोग वस्तुएँ (B) पूँजीगत वस्तुएँ

(C) कच्चा माल (D) इनमें कोई नहीं

What are goods purchased by final consumer called ?

(A) Consumption goods (B) Capital goods

(C) Raw material (D) None of these

13. इनमें कौन अंतिम उपभोग वाली उपभोक्ता वस्तु है जिसका आगे रूपांतरण नहीं हो सकता?

(A) कपास (B) धागा

(C) कपड़ा (D) कमीज

Which of these is end use consumer good which cannot be further transformed ?

(A) Cotton (B) Thread

(C) Cloth (D) Shirt

14. पूँजीगत वस्तुओं के उत्पादन में विस्तार से, उपभोक्ता वस्तुओं के उत्पादन में क्या परिवर्तन होगा?

(A) वृद्धि होगी (B) कमी होगी

(C) कोई परिवर्तन नहीं होगा (D) इनमें कोई नहीं

What would happen to output of consumer goods due to enpansion of output of capital goods ?



Visit CollegeDekho

(A) It would increase (B) It would decrease

(C) There would be no change (D) None of these

15. सकल घरेलू उत्पाद (GDP) की गणना के लिए व्यय विधि का कौन समीकरण सही है ?

(A) GDP=C+S+G+X (B) GDP=C+I+G+X

(C) GDP=C+I+G+M (D) GDP=C+I+G+X-M

For calculation of Gross Domestic Product (GDP) by expenditure method, which of the equations is correct ?

(A) GDP=C+S+G+X (B) GDP=C+I+G+X

(C) GDP=C+I+G+M (D) GDP=C+I+G+X-M

16. यदि सरकार न हो और विदेशी व्यापार न हो अर्थात G=T=M=X=O तो समीकरण (I-S)+(G-T)=M-X के लिए कौन कथन सही है ?

(A) I Ξ S (B) I Ξ M

(C) I Ξ G (D) I Ξ T

If there is no foreign treade and government that is G=T=M=X=O then for equation (I-S)+(G-T)=M-X which statement is correct ?

(A) I Ξ S (B) I Ξ M

(C) I Ξ G (D) I Ξ T

17. सकल घरेलू उत्पाद के मूल्यांकन में मजदूरी, ब्याज, लाभ एव लगान को किस विधि द्वारा जोड़ा जाता है ?

(A) व्यय विधि (B) उत्पादन विधि

(C) आय विधि (D) इनमें कोई नहीं



Visit CollegeDekho

In valuation of gross domestic product, by which method are wages, interest, profit and rent added ?

(A) Expenditure Method (B) Production Method

(C) Income Method (D) None of these

18. आय के वर्तुल प्रवाह में, समस्त उत्पादित अंतिम वस्तुओं एवं सेवाओं पर किया गया व्यय किसके बराबर होता है ?

(A) कारक अदायगी के

(B) समस्त उत्पादित अंतिम वस्तुओं एवं सेवाओं के मूल्य के

(C) लाभ के

(D) (A) एवं (B) दोनों

In circular flow of income, what is expenditure made on all final goods and services equal to ?

(A) Factor Payments (B) Value of all final goods and services

(C) Profit (D) Only (A) and (B)

19. (फर्म के उत्पादन का मूल्य – फर्म द्वारा प्रयुक्त मध्यवर्त्ती वस्तुओं का मूल्य) किसके बराबर होता है ?

(A) फर्म का मूल्यवर्धित (B) निवल मूल्यवर्धित

(C) मूल्यह्रास (D) इनमें कोई नहीं

What is (the value of firms output - value of intermediate goods) equal to?

(A) Value added of firm (B) Net Value added



Visit CollegeDekho

(C) Depreciation (D) None of these

20. यदि एक ब्रेड का मूल्य 50 रुपये हैं जिसमें 25 रु0 मूल्य का गेहूँ आगत के रूप में उपयोग किया गया है, तो बेकर का ब्रेड के उत्पादन में निवल योगदान कितने रुपये है ?

(A) रु0 25 (B) रु0 75

(C) रु0 50 (D) रु0 100

If the price of bread is Rs. 50 in which wheat worth Rs. 25 has been used as input, then what is the net contribution of baker in production of bread?

(A) Rs. 25 (B) Rs. 75

(C) Rs. 50 (D) Rs. 100

21. सकल घरेलू उत्पाद = ? + मूल्यह्रास

(A) सकल घरेलू उत्पाद (B) निवल घरेलू उत्पाद

(C) निवल मूल्यवर्धित (D) इनमें कोई नहीं

Gross Domestic Product = ? + Depreciation

(A) Gross Domestic Product (B) Net Domestic Product

(C) Net Value Added (D) None of these

22. 2023 के मूल्य सूचकांक के लिए चालू वर्ष कौन होगा ?

(A) 2020 (B) 2021

(C) 2022 (D) 2023

For preparation of Price Index of 2023, what would be the current year ?



Visit CollegeDekho

(A) 2020　　(B) 2021

(C) 2022　　(D) 2023

23. थोक मूल्य सूचकांक में किस वस्तु के मूल्य को शामिल किया जाता है ?

(A) उपभोक्ता वस्तुएँ　　(B) खुदरा बाजार में बिकने वाली वस्तुएँ

(C) थोक बाजार में बिकने वाली वस्तुएँ　　(D) इनमें कोई नहीं

Prices of which goods are included in Wholesale Price Index ?

(A) Consumer goods

(B) Goods sold in Retail market

(C) Goods sold in whole sale market

(D) None of these

24. घरेलू सीमा के अंतर्गत सृजित सभी अंतिम वस्तु एवं सेवाओं के मूल्य का योग क्या कहलाता है ?

(A) निवल घरेलू उत्पाद　　(B) सकल राष्ट्रीय उत्पाद

(C) निवल राष्ट्रीय उत्पाद　　(D) सकल घरेलू उत्पाद

What is the aggregate of prices of all final goods and services produced within domestic boundaries called ?

(A) Net Domestic Producat　　(B) Gross National Product

(C) Net National Product　　(D) Gross Domestic Product

25. मौद्रिक सकल घरेलू उत्पाद एवं वास्तविक सकल घरेलू उत्पाद का अनुपात क्या कहलाता है ?

(A) मुद्रा स्फीति　　(B) सकल घरेलू उत्पाद अवस्फीतिक



Visit CollegeDekho

(C) उपभोक्ता कीमत सूचकांक (D) इनमें कोई नहीं

What is the ratio of nominal gross domestic product and real gross domestic product called ?

(A) Inflation (B) Gross Domestic Product Deflator

(C) Consumer Price Index (D) None of these

26. यदि वैयक्तिक आय में वैयक्तिक कर एवं गैर–कर अदायगी (जैसे आयकर) को घटा देते हैं तो हमें क्या प्राप्त होगा ?

(A) जी. एस. टी. (B) वैयक्तिक प्रायोज्य आय

(C) निवल राष्ट्रीय उत्पाद (D) इनमें कोई नहीं

What do we get when we deduct personal tax and non-tax payments (like income tax) from personal income ?

(A) G.S.T. (B) Personal Disposable Income

(C) Net National Product (D) None of these

27. यदि किसी अर्थव्यवस्था में वस्तुओं की कीमत दोगुनी हो जाती है और उत्पादन स्थिर रहता है तो वास्तविक आय में क्या परिवर्तन होगा ?

(A) दोगुना (B) चौगुना

(C) कोई परिवर्तन नहीं (D) इनमें कोई नहीं

If in an economy the prices of goods double and output remains constant then what would be the change in real income ?

(A) Double (B) Four times

(C) No change (D) None of these



Visit CollegeDekho

28. यदि किसी देश का वर्ष 2020 में सकल घरेलू उत्पाद 1400 करोड़ था जो वर्ष 2023 में बढ़कर 1950 करोड़ हो गया तो सकल घरेलू उत्पाद अवस्फीतिक क्या होगा?

(A) 100
(B) 130
(C) 139.29 (लगभग)
(D) इनमें से कोई नहीं

If for a country the gross domestic product was 1400 crores in 2020 which increased to 1950 crore in 2023 then what would be the gross domestic product deflator ?

(A) 100
(B) 130
(C) 139.29 (approx)
(D) None of these

29. यदि मौद्रिक सकल राष्ट्रीय उत्पाद Y हो, और वास्तविक सकल राष्ट्रीय उत्पाद y हो तो सकल राष्ट्रीय उत्पाद अवस्फीतिक क्या होगा ?

(A) $\frac{Y}{y} X\ 100$
(B) $\frac{y}{Y} X\ 100$
(C) $\frac{y+Y}{2} X\ 100$
(D) इनमें कोई नहीं

If Y is the Nominal Gross National Product and y is the Real Gross National Product then what would be Gross National Product Deflator ?

(A) $\frac{Y}{y} X\ 100$
(B) $\frac{y}{Y} X\ 100$
(C) $\frac{y+Y}{2} X\ 100$
(D) None of these

30. उपभोक्ता मूल्य सूचकांक में कैसे मूल्य शामिल किए जाते हैं ?

(A) खुदरा मूल्य
(B) थोक मूल्य
(C) उत्पादक मूल्य
(D) इनमें कोई नहीं



Visit CollegeDekho

In consumer prices index which prices are included ?

(A) Retail Prices

(B) Wholesale Prices

(C) Producer Prices

(D) None of these

31. मुद्रा के माध्यम के बिना आर्थिक विनिमय क्या कहलाता है ?

(A) मौद्रिक विनिमय (B) वस्तु विनिमय

(C) सौदा करना (D) अदला–बदली

What is economic exchange without money as medium of exchange called ?

(A) Monetary exchange (B) Barter

(C) Bargain (D) Swap

32. लेन–देन के उद्देश्य से मुद्रा की माँग किसपर निर्भर करती है ?

(A) आय पर (B) औसत मूल्य स्तर पर

(C) ब्याज दर पर (D) इनमें केवल (A) एवं (B)

On what does the demand for money for transaction purpose depend ?

(A) Income (B) Average price level

(C) Rate of interest (D) only (A) and (B)

33. सट्टा के लिए मुद्रा की माँग किस ब्याज दर पर सर्वाधिक होती है ?

(A) न्यूनतम ब्याज दर $r_{min}$ पर (B) सर्वाधिक ब्याज दर $r_{max}$ पर

(C) $r_{max} - r_{min}$ के अंतर पर (D) इनमें कोई नहीं



Visit CollegeDekho

At which rate of interest the speculative demand for money is highest ?

(A) At minimum rate or interest $r_{min}$

(B) At highest rate of interest $r_{max}$

(C) At difference of $r_{max} - r_{min}$

(D) None of these

34. $M_1$ + डाकघर बचत बैंकों में बचत जमाएँ, किसकी परिभाषा है ?

(A) $M_1$ (B) $M_2$

(C) $M_3$ (D) $M_4$

$M_1$ + savings deposit of Post Office Saving Bank, what is this definition of ?

(A) $M_1$ (B) $M_2$

(C) $M_3$ (D) $M_4$

35. किस जमा की परिपक्वता की अवधि निश्चित होती है ?

(A) माँग जमा (B) अवधि जमा

(C) बचत जमा (D) इनमें कोई नहीं

Of which deposits the period/time of maturity is fixed ?

(A) Demand Deposits (B) Time Deposits

(C) Savings Deposits (D) None of these

36. रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया के मौद्रिक पूर्ति की परिभाषा में कौन सबसे तरल है ?

(A) M4 (B) M3

(C) M2 (D) M1



Visit CollegeDekho

In the definition of supply of money of Reserve Bank of India which is most liquid ?

(A) M4 (B) M3

(C) M2 (D) M1

37. किसी देश के मौद्रिक प्राधिकरण की संपूर्ण देयता को क्या कहते हैं ?

(A) मौद्रिक आधार (B) उच्च शक्तिशाली मुद्रा

(C) कुल मुद्रा पूर्ति (D) केवल (A) एवं (B)

What is the total liability of a monetary authority of a country called ?

(A) Monetary Base (B) High Powered Money

(C) Total Money supply (D) Only (A) and (B)

38. अतिरिक्त उपभोग और अतिरिक्त आय का अनुपात क्या कहलाता है ?

(A) औसत उपभोग प्रवृत्ति (B) अतिरिक्त उपभोग प्रवृत्ति

(C) सीमांत उपभोग प्रवृति (D) इनमें कोई नहीं

What is ratio of additional consumption and additional income called ?

(A) Average Propensity to consume

(B) Additional Propensity to consume

(C) Marginal Propensity to consume

(D) None of these

39. उपभोग फलन $C=\overline{C}+ cY$ में $\overline{C}$ के विषय में क्या सही है ?

(A) $\overline{C} > 0$

(B) $\overline{C}$ को स्थिर माना जाता है



Visit CollegeDekho

(C) यह जीवनयापन के लिए निश्चित उपभोग है

(D) इनमें सभी

In Consumption function $C=\overline{C}+cY$ what is true about $\overline{C}$ ?

(A) $\overline{C} > 0$

(B) $\overline{C}$ is considered constant

(C) It is definite consumption for subsistence

(D) All of these

40. निवेश को स्थिरांक $I=\overline{\underline{I}}$ क्यों माना जाता है ?

(A) क्योंकि यह बहिर्जात कारक है

(B) यह अर्थव्यवस्था के स्वायत्त निवेश को प्रदर्शित करता है

(C) यह सकल घरेलू उत्पाद में परिवर्तन पर नहीं निर्भर करता है

(D) इनमें सभी

Why is investment considered a constant $I=\overline{\underline{I}}$?

(A) Because it is exogenous factor

(B) It shows autonomous investment of the economy

(C) It does not depend upon changes in gross domestic product

(D) All of these

41. यदि सार्वजनिक ऋण भविष्य में निर्गत की वृद्धि पर नकारात्मक प्रभाव डालता है तो इसे क्या कहेंगे ?

(A) संपत्ति की बर्बादी (B) बोझ

(C) नुकसान (D) इनमें कोई नहीं



Visit CollegeDekho

If public debt negatively affects the increase in future output then what would it be called ?

(A) Wastage of asset (B) Burden

(C) Loss (D) None of these

42. शिक्षा, स्वास्थ्य, निर्धनता उन्मूलन कार्यक्रमों को रोकने से आय पर क्या प्रभाव पड़ेगा ?

(A) सकारात्मक (B) प्रतिकूल

(C) अस्पष्ट प्रभाव (D) इनमें सभी

What will be the effect of stopping programmes related to education, health and poverty alleviation ?

(A) Positive (B) Adverse

(C) Unclear effect (D) All of these

43. इनमें कौन सार्वजनिक वस्तु है ?

(A) स्वच्छ वायु (B) लोक शिक्षा

(C) राष्ट्रीय सुरक्षा (D) इनमें सभी

Which of these is public good ?

(A) Clean air (B) Public education

(C) National defence (D) All of these

44. मंदी के दौरान कल्याणगत अदायगी से क्या धारित करने में मदद मिलती है ?

(A) निवेश (B) उपभोग

(C) निर्यात (D) इनमें कोई नहीं

During depression what does welfare payment help in holding ?



Visit CollegeDekho

(A) Investment (B) Consumption

(C) Export (D) None of these

45. यदि सीमांत उपभोग प्रवृत्ति c= 0.75 हो तो सरकार अंतरण गुणक का मान क्या होगा ?

(A) 4 (B) 3

(C) 2 (D) 1

If the marginal propensity to consume is c= 0.75 then what would be the value of government transfer multiplier ?

(A) 4 (B) 3

(C) 2 (D) 1

46. उत्पाद के विदेशी व्यापार में, व्यापार धाटा क्या होगा ?

(A) निर्यात – आयात < 0 (B) निर्यात – आयात > 0

(C) निर्यात – आयात = 0 (D) इनमें कोई नहीं

In foreign trade of products, what would be trade deficit ?

(A) Export - Import < 0 (B) Export - Import > 0

(C) Export - Import = 0 (D) None of the above

47. खुली अर्थव्यवस्था के लिए संतुलन की शर्त क्या है ?

(A) Y=C+I+G+X-M (B) Y=C+I+G

(C) Y=C+I+G+NX (D) केवल (A) एवं (C)

What is the condition for equilibrium of open economy ?

(A) Y=C+I+G+X-M (B) Y=C+I+G

(C) Y=C+I+G+NX (D) Only (A) And (C)



Visit CollegeDekho

48. किस विदेशी विनिमय दर व्यवस्था में केन्द्रीय बैंक हस्तक्षेप करता है ?

(A) स्वच्छ तिरती (B) प्रतिबंधित तिरती

(C) नम्य विनिमय दर (D) इनमें कोई नहीं

In which foreign exchange rate system the central bank makes intervention ?

(A) Clean float (B) Restricted float

(C) Floating exchange rate (D) None of these

49. इनमें से कौन विनिमय दर को नहीं दर्शाता है ?

(A) Rs. 0.56 = 1¥ (B) Rs. 82.95 = 1$

(C) 1.T K = Rs. 0.76 (D) Rs. 50 = 1 Kg आलू

Which of these does not show exchange rate ?

(A) Rs. 0.56 = 1¥ (B) Rs. 82.95 = 1$

(C) 1.T K = Rs. 0.76 (D) Rs. 50 = 1 Kg potatoes

50. नम्य विनिमय दर का निर्धारण किससे होता है ?

(A) विदेशी मुद्रा की माँग से (B) विदेशी मुद्रा की पूर्ति से

(C) विदेशी कीमत स्तर से (D) केवल (A) एवं (B)

How is flexible exchange rate determined ?

(A) By demand for foreign currency (B) By supply of foreign currency

(C) Foreign price level (D) Only (A) and (B)

51. इनमें से कौन वस्तुओं की श्रेणी में नहीं आता है ?

(A) खाद्य पदार्थ (B) वस्त्र

(C) मोबाइल (D) चिकित्सा



Visit CollegeDekho

Which of the following is not included in the category of goods ?

(A) Food articles (B) Clothes

(C) Mobile (D) Medical treatment

52. 'अच्छी शिक्षा चाहिए तो विलासिताओं का त्याग करना पड़ेगा।' यह कथन किसका उदाहरण है ?

(A) संसाधनों के बचत का (B) संसाधनों के अपव्यय का

(C) समझदारी का (D) अवसर लागत का

'If one wants good education then luxuries would have to be given up' what is the statement an example of ?

(A) Saving resources (B) Wastage of resources

(C) Wisdom (D) Opportunity cost

53. इनमें कौन अर्थव्यवस्था की केन्द्रीय समस्या नहीं है ?

(A) किन वस्तुओं का उत्पादन किया जाए ?

(B) कितनी मात्राा में वस्तुओं का उत्पादन किया जाए ?

(C) वस्तुओं का उत्पादन कैसे किया जाए ?

(D) पैसा कैसे बचाया जाए ?

Which of these is not central problem of economy ?

(A) Which goods must be produced ?

(B) In what quantity goods should be produced ?

(C) How should the goods be produced ?

(D) How to save money ?



Visit CollegeDekho

54. उत्पादन संभावना वक्र क्या दर्शाता है ?

(A) उत्पादन संभावना सेट को (B) देश के संसाधन की मात्रा को

(C) अवसर लागत को (D) इनमें सभी

What does production possibility curve show ?

(A) Production possibility set

(B) The amount of resources of the country

(C) Opportunity cost

(D) All of these

55. इनमें कौन व्यष्टि अर्थशास्त्र का विषय वस्तु है ?

(A) कुल निर्गत (B) कुल रोजगार

(C) पूर्ण प्रतियोगिता बाजार (D) अर्थव्यवस्था में मूल्य स्तर

Which of the following is subject matter of microeconomics ?

(A) Total Output (B) Aggregat employment

(C) Perfectly competitve market (D) Price level in economy

56. इनमें कौन मिश्रित अर्थव्यवस्था के गुण है ?

(A) आर्थिक नियोजन

(B) मूल्य तंत्र

(C) निजी क्षेत्रक एवं सरकारी क्षेत्रक का सहअस्तित्व

(D) इनमें सभी

Which of the following is characteristic of mixed economy ?

(A) Economic planning



Visit CollegeDekho

(B) Price Mechanism

(C) Coexistence of public and private sector

(D) All of these

57. 'बुनियादी स्वास्थ सेवाएँ सभी लोगों को निःशुल्क उपलब्ध कराई जाएँ।' यह अर्थव्यवस्था की कौन सी केन्द्रीय समस्या है ?

(A) किन वस्तुओं का उत्पादन किया जाए ?

(B) इन वस्तुओं का उत्पादन कैसे किया जाए ?

(C) इन वस्तुओं का उत्पादन किसके लिए किया जाए ?

(D) इनमें कोई नहीं

'Basic health services should be made available free of charge to everyone'. This statement is related to which central problem of the economy ?

(A) What to produce ?

(B) How to produce these goods ?

(C) For whom these goods should be produced ?

(D) None of these

58. मिश्रित अर्थव्यवस्था के आर्थिक क्रियाकलापों के दिशा का निर्धारण कौन करता है ?

(A) उपभोक्ता (B) सरकार

(C) उद्यमी (D) इनमें सभी

Who determines the direction of economic activities in a mixed economy?



Visit CollegeDekho

(A) Consumer
(B) Government
(C) Enterpreneurs
(D) All of these

59. पिछले दो दशकों में भारतीय अर्थव्यवस्था में सरकार की भूमिका –

(A) कम हुई है
(B) बढ़ी है
(C) स्थिर है
(D) समय–समय पर परिवर्तित हुई है

In the last two decades the role of the government in the economy has -

(A) Decreased
(B) Increased
(C) Remained constant
(D) Changed from time to time

60. अर्थशास्त्र में व्यक्तिओं के व्यवहार का अध्ययन किस शाखा द्वारा किया जाता है ?

(A) व्यष्टि अर्थशास्त्र
(B) समष्टि अर्थशास्त्र
(C) लोक वित्त
(D) इनमें कोई नहीं

The behaviour of individuals is studied by which branch of economics ?

(A) Microeconomics
(B) Macroeconomics
(C) Public Finance
(D) None of these

61. इनमें कौन बजट सेट की सही परिभाषा है ?

(A) $p_1x_1+p_2x_2 \leq M$
(B) $p_1x_1+p_2x_2 = M$
(C) $p_1x_1+p_2x_2 \geq M$
(D) इनमें कोई नहीं

Which of these is correct difinition of budget set ?

(A) $p_1x_1+p_2x_2 \leq M$
(B) $p_1x_1+p_2x_2 = M$
(C) $p_1x_1+p_2x_2 \geq M$
(D) None of these



Visit CollegeDekho

62. बजट रेखा $x_2 = \frac{M}{p2} - \frac{p1}{p2} x_1$ में $\frac{M}{p2}$ क्या है ?

(A) X - प्रतिच्छेद | (B) Y - प्रतिच्छेद

(C) उपभोक्ता आय | (D) इनमें कोई नहीं

In budget line $x_2 = \frac{M}{p2} - \frac{p1}{p2} x_1$, what is $\frac{M}{p2}$ ?

(A) X - intercept | (B) Y - intercept

(C) Consumer income | (D) None of these

63. यदि केवल वस्तु $x_1$ के मूल्य में परिवर्तन होता है, तो बजट रेखा को क्या होगा ?

(A) बजट रेखा Y - अक्ष पर स्थिर रहेगी

(B) बजट रेखा मूल्य घटने पर बायें जायेगी

(C) बजट रेखा मूल्य बढ़ने पर दाहिने गमन करेगी

(D) इनमें कोई नहीं

If the price of only good $x_1$ changes, then what happens to the budget line?

(A) The budget line will remain constant on Y-axis

(B) Due to decline in price budget line will move to left

(C) Due to increase in price budget line will move to right

(D) None of these

64. अनधिमान वक्र अक्ष–मूल के प्रति उन्नतोदर होता है क्योंकि सीमांत प्रतिस्थापना दर है ?

(A) स्थिर | (B) वृद्धिमान

(C) ह्रासमान | (D) इनमें कोई नहीं



Visit CollegeDekho

The indifference curve is convex to the origin because the marginal rate of substitution is ?

(A) Constant (B) Increasing

(C) Decreasing (D) None of these

65. वस्तु की कीमत और उसकी माँग की गई मात्रा को कौन वक्र दर्शाता है ?

(A) माँग वक्र (B) अनधिमान वक्र

(C) बजट रेखा (D) इनमें कोई नहीं

The price of a good and its quantity demanded is shown by which curve?

(A) Demand curve (B) Indifference Curve

(C) Budget Line (D) None of these

66. एक रैखिक माँग वक्र है d(p) = a - bp जहाँ d = माँग की मात्रा और p = मूल्य है। किस कीमत पर माँग शून्य होगा ?

(A) शून्य (B) $^{a}/_{b}$

(C) $^{b}/_{a}$ (D) a

In a straight line demand curve d(p) = a - bp, where d= quantity demanded and p = price, at what price demand would be zero ?

(A) Zero (B) $^{a}/_{b}$

(C) $^{b}/_{a}$ (D) a

67. चाय की कीमत घटने से कॉफी का माँग वक्र किस ओर शिफ्ट होगा ?

(A) दायीं ओर (B) बायीं ओर



Visit CollegeDekho

(C) कभी दायीं ओर पुनः बायीं ओर (D) वक्र स्थिर रहेगा

As a result of decline in price of tea, the demand curve will shift in which direction ?

(A) Rightward

(B) Leftward

(C) Sometime rightward again leftward

(D) The curve will remain constant

68. लम्बवत माँग वक्र के मूल्य माँग की लोच क्या होगी ?

(A) शून्य (B) असीम

(C) $0<e_p<1$ (D) इनमें कोई नहीं

For a vertical demand curve, what would be the price clasticity of demand ?

(A) Zero (B) Infinity

(C) $0< e_p<1$ (D) None of these

69. एक आयताकार अतिपरवलय माँग वक्र p . q = e के हर बिन्दु पर माँग की लोच का मान क्या होगा?

(A) e =1 (B) e > 1

(C) $0\leq e\leq 1$ (D) इनमें कोई नहीं

For rectangular hyperbola demand curve p.q=e, what is the value of elasticity of demand?

(A) e =1 (B) e > 1



Visit CollegeDekho

(C) $0 \leq e \leq 1$ (D) None of these

70. उपभोक्ता आय में वृद्धि से किस तरह के वस्तुओं के माँग में गिरावट होती है ?

(A) सामान्य वस्तु (B) विलासिता वस्तु

(C) निम्नस्तरीय वस्तु (D) इनमें सभी

Due to increase in consumer income, the demand for which type of goods declines ?

(A) Normal as goods (B) Luxury goods

(C) Inferior goods (D) All of these

71. इनमें कौन परिवर्ती आगत नहीं है ?

(A) श्रम (B) मशीन

(C) कच्चा माल (D) बिजली

Which of these is not variable input ?

(A) Labour (B) Machine

(C) Raw Material (D) Electricity

72. अल्पकाल में किस आगत में परिवर्तन किया जा सकता है ?

(A) परिवर्ती आगत (B) स्थिर आगत

(C) मशीन (D) (B) एव (C) दोनों

In which inputs changes can be made in the short run ?

(A) Variable inputs (B) Fixed inputs

(C) Machines (D) both (B) and (C)

73. यदि आगत की मात्रा 100 है और निर्गत की मात्रा 10000, तो औसत उत्पाद क्या होगा ?



Visit CollegeDekho

(A) 100 (B) 10000

(C) 1000 (D) इनमें कोई नहीं

If the quantity of input is 100 and the quantity produced is 10000 then what would be the average product ?

(A) 100 (B) 10000

(C) 1000 (D) None of these

74. यदि कारक 1 की $x_1$ इकाइयां निर्गत की 40 इकाइयां उत्पादन करती है और $x_1$ - 1 इकाइयां निर्गत की 30 इकाइयां उत्पादन करती हैं तो $x_1$वीं इकाई का सीमांत उत्पादन क्या होगा ?

(A) 40 इकाई (B) 30 इकाई

(C) 10 इकाई (D) 70 इकाई

If $x_1$ units of factor 1 produces 40 units of output and $x_1$ - 1 units of inputs produces 30 units of output, then what is the marginal product of the $x_1^{th}$ of unit of factor input ?

(A) 40 units (B) 30 units

(C) 10 units (D) 70 units

75. औसत स्थिर लागत वक्र का क्या आकार होता है ?

(A) आयताकार अतिपरवलय (B) 'U' आकार

(C) 'L' आकार (D) इनमें कोई नहीं

What is the shape of average fixed cost curve ?

(A) Rectangular Hyperbola (B) 'U' shaped



Visit CollegeDekho

(C) 'L' Shaped (D) None of these

76. परिवर्ती अनुपात के नियम में क्या होता है ?

(A) सीमांत और औसत उत्पाद शुरू से घटते हैं

(B) सीमांत और औसत उत्पाद एक सीमा तक बढ़ते है फिर घटते हैं

(C) सीमांत और औसत उत्पाद एक सीमा तक घटते हैं फिर बढ़ते हैं

(D) इनमें कोई नहीं

What happens in the law of variable proportions ?

(A) Marginal and average output declines from the begining

(B) Marginal and average product rises upto a limit then decline

(C) Marginal and average product decline upto a limit and rise thereafter

(D) None of these

77. पैमाने का प्रतिफल में किसमें एक साथ अनुपातिक परिवर्तन किया जाता है ?

(A) सभी संसाधनों में (B) परिवर्ती संसाधनों में

(C) स्थिर संसाधनों में (D) इनमें कोई नहीं

What is changed in equal proportion at the same time in returns to scale?

(A) All resources (B) Variable inputs

(C) fixed inputs (D) None of these

78. कुल स्थिर लागत वक्र x- अक्ष के सापेक्षिक क्या होता है ?

(A) समानांतर (B) लंबवत

(C) पास जाने वाला (D) इनमें कोई नहीं

What is total fixed cost curve relative to x - axis ?



Visit CollegeDekho

(A) Parallel (B) Vertical

(C) approaching (D) None of these

79. औसत स्थिर लागत वक्र की ढाल क्या होती है ?

(A) धनात्मक (B) शून्य

(C) ऋणात्मक (D) इनमें कोई नहीं

What is the slope of average fixed cost curve ?

(A) Positive (B) Zero

(C)Negative (D)None of these

80. पूर्ण प्रतिस्पर्धी फर्म की कीमत रेखा की उर्ध्वस्तरीय ऊँचाई किसके बराबर होगी ?

(A) मूल्य p के बराबर (B) निर्गत q के बराबर

(C) लाभ π के बराबर (D) इनमें कोई नहीं

What is vertical height of price line of perfectly competitive firm equal to ?

(A) equal to price p (B) equal to output q

(C) equal to profit π (D) None of these

81. पूर्ण प्रतिस्पर्धी फर्म के लिए सीमांत आगम = औसत आगम = ?

(A) लाभ (B) कीमत

(C) कुल लागत (D) इनमें कोई नहीं

For a perfectly competitive firm Marginal Revenue = Average Revenue=gap?

(A) Profit (B) Price

(C) Total Cost (D) None of these



Visit CollegeDekho

82. किसी प्रतिस्पर्धी फर्म के प्रति इकाई लाभ की गणना किस चर से की जाती है ? जहाँ AR - सीमांत आगम, AC - औसत लागत, MC- सीमांत लागत एवं MR - सीमांत आगम है।

(A) संतुलन पर AR - AC से (B) संतुलन पर AC - AR से

(C) संतुलन पर MR - MC से (D) इनमें कोई नहीं

Using which variables is the per unit profit of a competitive firm calculated? where AR is average revenue, AC is average cost, MC is marginal cost and MR is marginal revenue.

(A) At equilibrium point by AR-AC

(B) At equilibrium point by AC-AR

(C) At equilibrium point by MR-MC

(D) None of these

83. इनमें कौन अल्पकाल में उत्पादन बंदी बिंदु है ?

(A) औसत लागत वक्र की न्यूनतम बिंदु

(B) औसत परिवर्ती लागत की न्यूनतम बिंदु

(C) सीमांत लागत वक्र की न्यूनतम बिंदु

(D) इनमें कोई नहीं

Which of these is shut down point in short run period ?

(A) Minimum point of average cost curve

(B) Minimum point of average varibale cost curve

(C) Minimum point of marginal cost curve

(D) None of these



Visit CollegeDekho

84. सामान्य लाभ की स्थिति में फर्म को कितना लाभ होगा ?

(A) शून्य आर्थिक लाभ (B) लाभ–अलाभ की स्थिति

(C) त्यागे गए प्रतिफल के बराबर (D) इनमें सभी

In state of normal profit, how much profit will a firm earn ?

(A) Zero economic profit (B) State of breakeven

(C) Equivalent to returns foregone (D) All of these

85. किसी प्रतिस्पर्धी फर्म को अल्प काल में हानि हो रही है। यह कब संभव है ?

(A) जब AR>AC (B) जब AR>MC

(C) जब AR>AVC (D) जब AR<AC

A competitive firm is experiencing loss in short run. When is this possible?

(A) When AR>AC (B) When AR>MC

(C) When AR>AVC (D) When AR<AC

86. किसी फर्म का अल्पकालीन पूर्ति वक्र क्या होता है ?

(A) औसत परिवर्ती लागत वक्र के न्यूनतम बिन्दु से उपर सीमांत लागत वक्र

(B) सीमांत लागत वक्र

(C) औसत लागत वक्र

(D) इनमें कोई नहीं

What is a firm's short run supply curve ?

(A) Marginal cost curve above the minimum point of average variable cost curve



Visit CollegeDekho

(B) Marginal cost curve

(C) Average cost curve

(D) None of these

87. यदि औसत लागत वक्र संतुलन की बिन्दु पर औसत आगम वक्र के नीचे हो तो फर्म को क्या होगा ?

(A) सामान्य लाभ (B) अधिसामान्य लाभ

(C) घाटा (D) इनमें कोई नहीं

If the average cost curve lies below the average revenue curve then what will the firm earn ?

(A) Normal profit (B) More than normal profit

(C) Loss (D) None of these

88. पूर्ति की मात्रा में प्रतिशत परिवर्तन ÷ मूल्य में प्रतिशत परिवर्तन = ?

(A) माँग की कीमत लोच (B) पूर्ति की कीमत लोच

(C) पूर्ति वक्र की संवेदनशीलता का माप (D) (B) एवं (C) दोनों

Percentage change in quantity supplied ÷ Percentage change in price = ?

(A) Price elasticity of demand

(B) Price elasticity of supply

(C) Measure of responsiveness of supply curve

(D) Both (B) and (C)

89. असमता $p_1x_1 + p_2x_2 \leq M$ को क्या कहा जाता है ?

(A) बजट रेखा (B) मूल्य रेखा



Visit CollegeDekho

(C) बजट सेट (D) इनमें कोई नहीं

What is the inequality $p_1x_1 + p_2x_2 \leq M$ called ?

(A) Budget line (B) Price line

(C) Budget set (D) None of these

90. बजट रेखा की प्रवणता (ढाल) किससे परिभाषित होती है ?

(A) $-p_1/p_2$ (B) $-p_2/p_1$

(C) $+p_1/p_2$ (D) इनमें कोई नहीं

The slope of the budget line defined by which of these ?

(A) $-p_1/p_2$ (B) $-p_2/p_1$

(C) $+p_1/p_2$ (D) None the above

91. एक एकाधिकारी फर्म के लिए वस्तु की कीमत किस पर निर्भर करती है ?

(A) वस्तु की बेची गई मात्रा पर (B) वह कीमत स्वीकारकर्त्ता है

(C) विज्ञापन पर (D) इनमें कोई नहीं

On what does the price of a good depend for a monpoly firm ?

(A) The quantity of good sold (B) He is a price taker

(C) Advertisement (D) None of these

92. बाजार संतुलन में किन दो चरों का निर्धारण होता है ?

(A) मूल्य, मात्रा (B) मूल्य, लागत

(C) मूल्य, लाभ (D) इनमें कोई नहीं

Which two variables are determined in market equilibrium ?

(A) Price, quantity (B) Price, cost



Visit CollegeDekho

(C) Price, profit

(D) None of these

93. 'अदृश्य हाथ' का बाजार में क्या भूमिका है ?

(A) अदृश्य हाथ कीमत में परिवर्तन कर देता है

(B) संतुलन स्थापित करता है

(C) अधिपूर्ति की स्थिति में कीमतों में कमी करता है

(D) इनमें सभी

What is the role of 'Invisible hand' in the market ?

(A) Invisible hand brings about change in price

(B) Establishes equilibrium

(C) In a state of excess supply if reduces the price

(D) All of these

94. संतुलन मूल्य (pe) से कम मूल्य पर क्या होगा ?

(A) अधिमाँग

(B) अधिपूर्ति

(C) कोई परिवर्तन नहीं

(D) इनमें कोई नहीं

What will happen at a price below equilibrium price (pe) ?

(A) Excess demand

(B) Excess supply

(C) No change takes place

(D) None of these

95. यदि माँग वक्र स्थिर हो और पूर्त्ति वक्र दाहिने शिफ्ट करता है तो वस्तु के मूल्य में क्या परिवर्तन होगा ?

(A) मूल्य स्थिर रहेगा

(B) मूल्य वृद्धि होगी

(C) मूल्य घटेगा

(D) इनमें कोई नहीं



Visit CollegeDekho

If the demand curve is unchanged and the supply curve shifts rightward then what will happen to the price of good ?

(A) Price would ramain constant (B) Price will rise

(C) Price will decline (D) None of these

96. यदि प्रतिस्पर्धी फर्मों की कीमते न्यूनतम औसत लागत के बराबर हो तो क्या होगा ?

(A) फर्मों का बहिर्गमन (B) फर्मों का प्रवेश

(C) न फर्मों का प्रवेश और न फर्मों का बहिर्गमन (D) इनमें कोई नहीं

What will happen if the price of competitive firm is equal to minimum average cost ?

(A) Exit of firms (B) Entry of firms

(C) Neither entry nor exit of firms (D) None of these

97. काजाबाजारी की समस्या कब उत्पन्न होगी है, यदि $p_e$ = संतुलन मूल्य है और $p_1$= कोई उच्चतम निर्धारित कीमत है ?

(A) $p_e > p_1$ (B) $p_e = p_1$

(C) $p_e < p_1$ (D) इनमें कोई नहीं

When will the problem of black marketing arise if $p_e$ is the equilibrium market price and $p_1$ is some ceiling price ?

(A) $p_e > p_1$ (B) $p_e = p_1$

(C) $p_e < p_1$ (D) None of these

98. एकाधिकारी का औसत संप्राप्ति वक्र उसका क्या कहलाता है ?

(A) पूर्त्ति वक्र (B) माँग वक्र



Visit CollegeDekho

(C) लाभ रेखा (D) इनमें कोई नहीं

What is average revenue curve of a monopolist called ?

(A) Supply curve (B) Demand curve

(C) Profit line (D) None of these

99. एकाधिकारी फर्म का वृहत मात्रा में बेचने का निर्णय किस कीमत पर संभव है ?

(A) उच्च कीमत पर (B) कम कीमत पर

(C) किसी भी कीमत पर (D) इनमें कोई नहीं

The decision of Monopoly firm to sell a large amount is possible at what price ?

(A) High price (B) Low price

(C) At any price (D) None of these

100. जब सीमांत संप्राप्ति शून्य होती है तो कुल संप्राप्ति क्या होती है ?

(A) न्यूनतम (B) सर्वाधिक

(C) शून्य (D) इनमें कोई नहीं

When marginal revenue is zero then what is total revenue ?

(A) Minimum (B) Maximum

(C) Zero (D) None of these

## खण्ड–ब / Section-B

## लघु उत्तरीय प्रश्न (Short Answer Type Questions)

प्रश्न संख्या 1 से 30 लघु उत्तरीय प्रश्न हैं। किन्हीं 15 प्रश्नों के उत्तर दें। प्रत्येक प्रश्न के लिए 2 अंक निर्धारित हैं। प्रत्येक उत्तर 40–50 शब्दों में लिखें। (15x2=30)



Visit CollegeDekho

Question no. 1 to 30 are Short Answer Type Questions. Answer any 15 questions. Each question carries 2 marks. Write your answer in 40 – 50 words each : (15x2=30)

1. उदाहरण सहित सेवा को परिभाषित करें। 2

Define Services with example.

2. अर्थव्यवस्था की दो केन्द्रीय समस्या लिखें। 2

Write two central problems of economy.

3. उत्पादन संभावना वक्र चित्रित करें। 2

Draw production possibility curve.

4. एक बजट रेखा की ढाल क्या दर्शाती है ? 2

What does the slope of a budget line show ?

5. x-अक्ष पर दर्शायी गई वस्तु की कीमत में कमी से बजट रेखा को क्या होता है ? 2

What happens to the budget line when the price of the good shown on x-axis declines ?

6. सीमांत प्रतिस्थापना दर को परिभाषित करें। 2

Define marginal rate of substitution.

7. माँग का नियम उदाहरण सहित निरूपित करें। 2

Outline the law of demand with suitable example.

8. किस वस्तु के कीमत माँग की लोच शून्य होगी ? उदाहरण दें। 2

For which goods the price elasticity of demand is zero. Give example.

9. उपयुक्त उदाहरण द्वारा परिवर्ती आगत की अवधारणा को संक्षेप में समझायें। 2



Visit CollegeDekho

In brief explain the concept of variable cost with suitable examples.

10. औसत उत्पाद की गणना का सूत्र लिखें। 2

Write the formula for calculating average output.

11. अल्पकालीन कुल लागत क्या है ? इसके कौन से घटक है ? 2

What is short run total cost? what are its components?

12. कुल संप्राप्ति क्या है ? इसकी गणना कैसे करते हैं ? 2

What is total revenue? How is it measured?

13. सामान्य लाभ को परिभाषित करें। 2

Define normal profit.

14. अधिपूर्ति की स्थिति को चित्र द्वारा दर्शायें। 2

Show the state of excess supply using diagram.

15. सीमांत संप्राप्ति और कुल संप्राप्ति के बीच क्या संबंध है ? 2

What is the relationship between marginal revenue and total revenue?

16. उत्पादन के संसाधनों में से किन्हीं दो की परिभाषा लिखें। 2

Of the factors of production, write definition of any two.

17. प्रवाह चर/परिवर्त क्या होते हैं? 2

What are flow variables.

18. पूँजीगत वस्तुओं का चार उदाहरण दें। 2

Give four examples of capital goods.

19. मध्यवर्ती वस्तु से आप क्या समझते हैं ? 2



Visit CollegeDekho

What do you understand by intermediate goods ?

20. मूल्यवर्धित कैसे मापा जाता है ? उदाहरण के द्वारा स्पष्ट करें। 2

How is value added measured? Clarify with example.

21. वस्तु विनिमय प्रणाली की दो कमियों को लिखें। 2

Write two shortcomings of barter system.

22. मुद्रा के दो कार्यों का संक्षेप में वर्णन करें। 2

In short describe two functions of money.

23. मुद्रा की पूर्ति की सरलतम परिभाषा लिखें। 2

Write simplest definition of money supply.

24. किसी व्यक्ति के साख से आप क्या समझते हैं? यह किसपर निर्भर करती है ? 2

What do you understand by credit of a person? On what factors does it depend?

25. भारतीय रिजर्व बैंक को अंतिम ऋणदाता क्यों कहा जाता है? 2

Why is Reserve Bank of India called the lender of last resort ?

26. उपभोग फलन को परिभाषित करें। 2

Define Consumption function.

27. स्वायत्त व्यय गुणक क्या है ? 2

What is autonomous expenditure multiplier ?

28. सार्वजनिक वस्तु के दो लाभ लिखें। 2

Write two benefits of public goods.



Visit CollegeDekho

29. सरकारी घाटे में किस प्रकार कटौती की जा सकती है ? 2

How can the government deficits be reduced ?

30. व्यापार घाटा क्या है ? 2

What is trade deficit ?

## दीर्घ उत्तरीय प्रश्न (Long Answer Type Questions)

प्रश्न संख्या 31 से 38 दीर्घ उत्तरीय प्रश्न हैं। किन्हीं 4 प्रश्नों के उत्तर दें। प्रत्येक के लिए 5 अंक निर्धारित हैं। प्रत्येक उत्तर 100–120 शब्दों में दें। (4x5=20)

Question no. 31 to 38 are Long Answer Type Questions. Answer any 4 questions. Each question carries 5 marks. Answer in 100-120 words each.

(4x5=20)

31. अर्थव्यवस्था की केन्द्रीय समस्याओं की विवेचना कीजिए। 5

Discuss the central problems of an economy ?

32. यदि उपभोक्ता की आय और वस्तुओं की कीमत दोगुनी हो जाए तो नया बजट सेट कैसा होगा ? चित्र द्वारा समझायें। 5

If consumer's income and the price of goods double then what would the new budget set look like? Explain with diagram.

33. कुल लागत, सीमांत लागत एवं औसत लागत की व्याख्या कीजिए। 5

Explain total cost, margingal cost and average cost.

34. उच्चतम निर्धारित कीमत की व्याख्या उपर्युक्त उदाहरण द्वारा कीजिए। 5

Explain ceiling price with the help of suitable example.

35. व्यावसायिक बैंक के कार्यों का वर्णन करें। 5



Visit CollegeDekho

Describe the functions of commercial bank.

36. क्या सार्वजनिक ऋण बोझ बन गया है? व्याख्या कीजिए। 5

Has public debt become a burden ? Explain.

37. नम्य विनिमय दर व्यवस्था में विनिमय दर का निर्धारण कैसे होता है ? 5

In flexible exchange rate system, how is the exchange rate determined?

38. एक द्वी क्षेत्रक अर्थव्यवस्था में आय का निर्धारण कैसे होता है ? चित्र से दर्शायें। 5

In a two sector economy, how is income determined ? Show with the help of diagrams.



Visit CollegeDekho